Class 11 Physics Question Bank



docs.aglasem.com

aglasem.com

अनुक्रमणिका

इकाई	अध्याय	पृष्ठ क्रमांक
1	2 मात्रक एवं मापन	4
2	3.सरल रेखा में गति	6
	4.समतल में गति	9
3	5.गति के नियम	12
4	6.कार्य ऊर्जा और शक्ति	15
5	7.कणों के निकाय तथा घूर्णी गति	17
6	8.गुरुत्वाकर्षण	19
7	9.ठोसो के यांत्रिक गुण	25
	10.तरलों के यांत्रिक गुण	27
8	11.द्रव्य के तापीय गुण	30
	12.ऊष्मागतिकी	34
9	13.अणुगति सिद्धांत	37
10	14.दोलन	43
	15.तरंगे	46

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय–2
मात्रक एवं मापन

स्मरणीय तथ्य

- वे मात्रक जो मूल भौतिक रशियों को व्यक्त करते है, मूल मात्रक कहलाते हैं। जैसे द्रव्यमान, लंबाई, समय के मात्रक मूल मात्रक है।
- वे मात्रक जो दो या दो से अधिक मूल मात्रकों से मिलकर बने होते है, व्युत्पन्न मात्रक कहलाते हैं। जैसे- वैग, बल आदि के मात्रक ।
- मूल मात्रकों और व्युत्पन्न मात्रकों के संपूर्ण सम्मुच्य को मात्रकों की प्रणाली या पद्धति कहते हैं।
- पारसेक दूरी का सबसे बड़ा मात्रक है।
- द्रव्यमान का सबसे बड़ा मात्रक चन्द्र शेखर सीमा है।
- मात्रकों की तीन पद्धतियां हैं- F.P.S. या ब्रिटिश पद्धति C.G.S. पद्धति , M.K.S या S.I. पद्धति।
- प्रकाश वर्ष- एक वर्ष में प्रकाश द्वारा तय दूरी है। एक प्रकाश वर्ष = $9.45X10^{15}$ मीटर
- किसी मापक यंत्र द्वारा मापा जा सकने वाला छोटा से छोटा मान उस मापक यंत्र का अल्पतमांक कहलाता है।
  किसी भौतिक राशि की विमाएं उन घातों (या घातांकों) को कहते हैं, जिन्हें उस राशि को व्यक्त करने के लिए मूल राशियों पर चढ़ाते है।

सही विकल्प का चयन कीजिये

1- एक प्रकाश वर्ष का मान होता है-

a) 365 fnu b) $3\times10^{8}m$

c) $9.46\times10^{15}m$ d) $1.5\times10^{11}m$

2- 1 amu बराबर होता है-

a) $1.6\times10^{-27}kg$ b) $1.6\times10^{27}g$

c) $931 mev$ d) $9.46\times10^{15}m$

3- 1Å बराबर होता है-

a) 10^{-10}m b) 10^{-8}m c) 10^{-15}m d) 10^{-6}m

5- विमीय रूप से सही सम्बन्ध है-

a) $K\alpha\, m^2v^2$ b) $K\alpha\frac{1}{2}m^2v$

c) $K=\frac{1}{2}mv^2+ma$ d) $K\alpha\, mv^2$

6- प्रकाश वर्ष मात्रक है –

(अ) समय का (ब) दूरी का (स) प्रकाश उर्जा का (द) द्रव्यमान का

7- निम्नलिखित में से कौन सा व्युत्पन्न मात्रक है–

(अ) किग्रा (ब) न्यूटन (स) मीटर (द) कैन्डेला

8- निम्नलिखित में मूल मात्रक नहीं है -

(अ) मीटर (ब) केल्विन (स) लीटर (द) ऐम्पियर

10. भौतिक राशियों के निम्न जोड़ो में से किस जोड़े का विमीय सूत्र समान नहीं है –

(अ) कार्य और बल आघूर्ण (ब) कोणीय संवेग और प्लांक नियतांक

(स) तनाव और पृष्ठ तनाव (द) आवेग और रेखीय संवेग

docs.aglasem.com

aglasem.com

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये

1. किसी 1cm भुजा वाले घन का आयतन ....मी3 के बराबर है।
2. कोई गाड़ी 18km/h की चाल से चल रही है तो 1s में .... मीटर चलेगी।
3. ग्रह, तारों आदि की दूरीयों को .... विधि द्वारा मापा जाता है।
4. वह दूरी जिस पर पृथ्वी की कक्षा की औसत त्रिज्या 1आर्क सेकण्ड का कोण आंतरित करे ....कहलाती है।
5. बल का विमीय सूत्र ....है।
6. 1 kg $m^2 s^{-2}$ = -------------- g $cm^2 s^{-2}$
7. 1nm =............m
8. आवेश का विमीय सूत्र .... है।

सही जोड़िया बनाकर लिखिए –

कालम "अ"	**कालम "ब"**
(i) प्रकाश वर्ष की विमा	(a) $M^0L^0T^{-1}$
(ii) आवृत्ति की विमा	(b) M^0LT^0
(iii) पारसेक	(c) 10^{-10} मीटर
(iv) एंगस्ट्राम	(d) $3.08x10^{16}$मीटर
(v) आपेक्षिक घनत्व	(e) $M^0L^0T^0$
(vi) खगोलीय मात्रक	(f) ML^2T^{-2}
(vii) उर्जा का विमीय सूत्र	(g) $1.496X10^{11}$मीटर

एक वाक्य में उत्तर

1- पारसेक किस राशि का मात्रक है?

2- किसी वर्नियर यंत्र के मुख्य स्केल के एक खाने का मान 1mm तथा वर्नियर पर खानो की संख्या 20 हो तो इसका अल्पतमांक ज्ञात कीजिये।

3- बल के मात्रक न्युटन को मुल मात्रकों के रूप में लिखिये।

4- परमाण्वीय नाभिक के आमाप की कोटि लिखिये|

5- मूल राशियां किन्हें कहते हैं?

6- ऐम्पीयर तथा न्यूटन में से कौन सा मूल मात्रक है?

अतिलघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंको वाले प्रश्न) –

(i) एसआई पद्धति की सभी मूल राशियां एवं इनके मात्रक लिखिए।

(ii) विमीय विश्लेषण की सीमाएं बताईये।

(iii) विमीय विश्लेषण के उपयोग लिखिए।

(iv) कार्य व विकृति का विमीय सूत्र तथा मात्रक लिखिए।

(v) एक पारसेक में कितने खगोलीय एकक (AU) होते हैं?

लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंको वाले प्रश्न) –

1. समीकरण T= 2П√l/g की शुद्धता की जाँच कीजिये। जहां T= सरल लोलक का आवर्तकाल, l= प्रभावकारी लंबाई, g = गुरूत्वीय त्वरण
2. एक ही भौतिक राशि के लिए भिन्न-भिन्न मात्रकों का उपयोग क्यों करते हैं?
3. मूल मात्रक तथा व्युत्पन्न मात्रक में अंतर लिखिए।
4. भौतिक समीकरण $V^2= U^2 + 2as$ की शुद्धता की जाँच कीजिये।
5. वायु में ध्वनि का वेग v वायु दाब p एवं घनत्व d पर निर्भर करता है। विमीय विधि से ध्वनि के वेग v के लिये न्यूटन के सूत्र की स्थापना कीजिये।

नोट- विभिन्न राशियों के विमीय सूत्र, भौतिक राशियों में सम्बन्ध तथा समीकरण की शुद्धता की जाँच का अध्ययन अवश्य करें।

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय 3 - सरल रेखा में गति

स्मरणीय बिन्दु :

1. निर्देश तंत्र - वह निकाय या तंत्र जिसके सापेक्ष किसी वस्तु की स्थिति अथवा गति का अध्ययन किया जाता है , निर्देश तंत्र कहलाता है।
2. जड़त्वीय निर्देश तंत्र - इसमें निकाय स्थिर अवस्था में या एकसमान गति अवस्था में होता है ।
3. अजड़त्वीय निर्देश तंत्र - इसमें निकाय् किसी जड़त्वीय निर्देश तंत्र के सापेक्ष त्वरित गति में होता है।
4. अजड़त्वीय निर्देश तंत्र में न्यूटन के गति के नियमों का पालन नहीं होता है।
5. अजड़त्वीय निर्देश तंत्र में वस्तु छद्म या आभासी बल का अनुभव करता है।
6. विराम अवस्था - जब कोई वस्तु किसी नियत बिंदु , वस्तु या तंत्र के सापेक्ष समय के साथ अपनी स्थिति में परिवर्तन नहीं करती है , विराम अवस्था में कहलाती है।
7. गति अवस्था - जब कोई वस्तु किसी नियत बिंदु , वस्तु या तंत्र के सापेक्ष समय के साथ अपनी स्थिति में परिवर्तन करती है , गति अवस्था में कहलाती है।
8. विराम या गति अवस्था सदैव सापेक्ष होती है, निरपेक्ष नहीं ।
9. जब तक वस्तु की दिशा में परिवर्तन नहीं होता , तब तक वस्तु की गति सरल रेखीय या एक विमीय गति होती है।
10. बिन्दु वस्तु - जब किसी वस्तु द्वारा चली गई दूरी वस्तु के आकार या आमाप की तुलना में बहुत अधिक हो , तब उस वस्तु को बिन्दु वस्तु कहा जाता है।
11. दूरी या पथ की लंबाई अदिश राशि होती है।
12. विस्थापन - वस्तु की प्रारम्भिक एवं अंतिम स्थिति के बीच की न्यूनतम दूरी को विस्थापन कहते हैं । यह सदिश राशि होती है।
13. विस्थापन शून्य या ऋणात्मक हो सकता है किन्तु दूरी नहीं ।
14. एक समान गति - जब कोई वस्तु समान समय अंतराल में समान दूरी तय करती है , तब यह गति एक समान गति कहलाती है।
15. परिवर्ती गति - जब कोई वस्तु समान समय अंतराल में असमान दूरी तय करती है , तब यह गति परिवर्ती गति कहलाती है।
16. तात्क्षणिक गति -किसी क्षण विशेष पर (अत्यल्प समय अंतराल में) किसी वस्तु की गति तात्क्षणिक गति कहलाती है।
17. एक समान गति में वस्तु की औसत गति उसकी तात्क्षणिक गति के बराबर होती है।
18. चाल - इकाई समय में चली गई दूरी चाल कहलाती है , यह अदिश राशि है।
19. वेग - इकाई समय में उत्पन्न विस्थापन वेग कहलाता है , यह सदिश राशि है।
20. विमीय रूप में या मात्रक के आधार पर चाल तथा वेग समान होते हैं।
21. त्वरण - समय के सापेक्ष वेग में वृद्धि को त्वरण कहते हैं।
22. मंदन - समय के सापेक्ष वेग में कमी को मंदन कहते हैं ।
23. ऋणात्मक त्वरण को मंदन भी कहते हैं।
24. दर तथा प्रवणता - समय के सापेक्ष परिवर्तन को दर और दूरी के सापेक्ष परिवर्तन को प्रवणता कहते हैं।
25. वेग-समय ग्राफ तथा समय अक्ष के मध्य के क्षेत्र का क्षेत्रफल वस्तु द्वारा प्राप्त विस्थापन के बराबर होता है।
26. चाल-समय ग्राफ तथा समय अक्ष के मध्य के क्षेत्र का क्षेत्रफल वस्तु चली गई दूरी के बराबर होता है।
27. गति के समीकरण एक समान त्वरण पर लागू होते हैं , जो निम्न हैं :- 1.) $v=u+at$. 2.) $s=ut+at^2$. 3.) $v^2=u^2+2as$
28. गति के समीकरणों में t सेकण्डों में चली गई कुल दूरी s है जबकि tवें सेकण्ड में चली गई दूरी का एक अन्य समीकरण $\tilde{s} = u + 1/2\ a\ (2t - 1)$ है।
29. स्वतंत्रता पूर्वक गिरती हुई वस्तु के लिए -- त्वरण $a = g$

docs.aglasem.com

aglasem.com

30. ऊपर की ओर प्रक्षेपित वस्तु के लिए -- त्वरण a = -g
31. स्वतंत्रता पूर्वक गिरती हुई हुई वस्तु द्वारा समान समय अंतराल में तय की गई दूरियों का अनुपात सदैव 1 : 3 : 5 : 7 : . . . . होता है।

बहुविकल्पीय प्रश्न :-

1. स्थिति- समय ग्राफ का ढाल प्रदर्शित करता है-

a. वेग b. त्वरण
c. मंदन d विस्थापन

2. गुरुत्व के अधीन स्वतंत्रता पूर्वक छोड़ी गई वस्तु के लिए शून्य होगा -

a. प्रारंभिक वेग b अंतिम वेग
c. त्वरण c.विस्थापन

3. स्थिति - समय ग्राफ समय अक्ष के समांतर है , इसका अर्थ है कि -

a. वस्तु एक समान वेग से गतिशील है
b. वस्तु परिवर्ती वेग से गतिशील है
c. वस्तु स्थिर है
d. वस्तु एक समान त्वरण से गतिशील है

4. वेग - समय ग्राफ द्वारा समय अक्ष से घेरा गया क्षेत्रफल दर्शाता है-

a. दूरी
b. चाल
c. मंदन
d. त्वरण

5. वेग - समय ग्राफ समय अक्ष के लम्बवत् कब होगा ?

a. एक समान गति में
b. तात्क्षणिक गति में
c. विराम अवस्था में
d. कभी नहीं

6. किसी गतिशील पिण्ड के लिए शून्य हो सकता है -

a. वेग
b. विस्थापन
c. त्वरण
d. उपरोक्त सभी

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:-

1. वेग और चाल के मात्रक .... होते हैं।
2. वेग प्रवणता का S। मात्रक .... है।
3. ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंकी गई वस्तु द्वारा क्षैतिज में चली गई दूरी .... होगी ।
4. तात्क्षणिक चाल व तात्क्षणिक वेग का अनुपात सदैव .... होता है।
5. एक वस्तु को ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंकने पर वह 8 सेकण्ड बाद पुनः हाथों में आ जाती है। अधिकतम ऊँचाई तक पहुँचने में लगा समय .... होगा ।
6. क्षैतिज दिशा में गुरुत्वीय त्वरण का मान .... होता है।

docs.aglasem.com

aglasem.com

एक वाक्य/शब्द में उत्तर दीजिए :-

1. नियत वेग से गतिशील वस्तु का त्वरण क्या होगा ?
2. त्वरण ऋणात्मक होने स्थित - समय ग्राफ कैसा प्राप्त होगा ?
3. वृत्तीय गति में एक चक्कर पूर्ण होने पर उत्पन्न विस्थापन कितना होगा ?
4. v -t ग्राफ के अंतर्गत आने वाला क्षेत्रफल क्या व्यक्त करता है?
5. सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्ताकार गति में पृथ्वी किस प्रकार की वस्तु है?
6. 60 किमी/घण्टा की चाल से उत्तर दिशा की ओर गतिशील ट्रेन में बैठे एक यात्री के सापेक्ष दूसरे सहयात्री की गति कितनी होगी ?
7. दूरी अशून्य होने पर किसी वस्तु का विस्थापन शून्य कब होता है? एक उदाहरण दीजिये

अतिलघुत्तरीय प्रश्न :-

1. एक वस्तु को प्रारम्भिक वेग u से ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंका जाता है । अधिकतम ऊँचाई पर वस्तु का वेग तथा त्वरण ज्ञात कीजिये।
2. एक समान तथा परिवर्ती त्वरण को परिभाषित कीजिए ।
3. आपेक्षिक वेग किसे कहते हैं ?
4. एक समान त्वरित गति में X - t ग्राफ , v -t ग्राफ तथा a -t ग्राफ बनाइए ।
5. किसी गतिशील वस्तु के वेग की दिशा उसके त्वरण की दिशा में होगी या नहीं । उदाहरण द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।
6. ग्लोब पर रेंगते हुए साँप और चींटी की गति में आमाप के आधार पर क्या अंतर है ?
7. R त्रिज्या के वृत्तीय मार्ग में गतिशील पिण्ड के लिए एक चक्कर पूर्ण होने पर चली गई दूरी और विस्थापन ज्ञात कीजिये।
8. एक समान वेग से गतिशील किसी कण के स्थिति - समय ग्राफ का ढाल ज्ञात कीजिये। यह किस भौतिक राशि को प्रदर्शित करेगा?
9. कोई कण एक समान त्वरित गति से गतिशील है| v -t ग्राफ बनाइये जबकि
   (१)त्वरण धनात्मक हो (२) त्वरण ऋणात्मक हो ।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :-

10. कलन विधि का उपयोग कर अक समान त्वरित गति के लिए शुद्धगतिक समीकरण ज्ञात कीजिए।
11. एक समान त्वरित गति में x -t ग्राफ खींचकर गति के समीकरण प्राप्त कीजिए ।
12. ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर फेंके गए पिण्ड के लिए गति के समीकरण प्राप्त कीजिए।

----०००----

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय 4

समतल में गति

स्मरणीय बिन्दु :-

1. अदिश राशि -इसमें केवल परिमाण या संख्यात्मक मान होता है,दिशा नहीं ।
2. अदिश राशियों में सामान्य बीजगणितीय नियमों का पालन होता है ।
3. सदिश राशि - इनमें परिमाण तथा दिशा दोनों आवश्यक होते हैं।
4. सदिश राशियों में सामान्य बीजगणित के नियमों का पालन नहीं होता ।
5. सदिश राशि को गहरे काले अक्षर से या ऊपर तीर लगाकर दर्शाया जाता है।
6. समान मात्रक वाली राशियों को जोड़ा या घटाया जा सकता है ।
7. भिन्न मात्रक वाली राशियों का गुणा तथा भाग किया जा सकता है।
8. स्थिति सदिश - किसी बिन्दु सदिश की मूल बिन्दु से दूरी उस बिन्दु का स्थिति सदिश कहलाता है।
9. विस्थापन सदिश - जब कोई सदिश एक बिन्दु से दूसरे बिन्दु तक विस्थापित होता है तब अंतिम बिन्दु के स्थिति सदिश तथा प्रारम्भिक बिन्दु के स्थिति सदिश के अंतर को उस सदिश का विस्थापन सदिश कहते हैं।
10. एक विमीय गति - इसमें समय के सापेक्ष वस्तु के किसी एक स्थिति निर्देशांक में परिवर्तन होता है , जैसे सीधी रेखा में किसी पिण्ड की गति ।
11. द्विविमीय सदिश - इसमें समय के सापेक्ष वस्तु के किन्हीं दो स्थिति निर्देशांकों में परिवर्तन होता है, जैसे प्रक्षेप्य गति, वृत्तीय गति ।
12. त्रिविमीय सदिश - इसमें समय के सापेक्ष वस्तु के तीनों स्थिति निर्देशांकों में परिवर्तन होता है , जैसे स्वतंत्र आकाश में पक्षी की गति ।
13. प्रक्षेप्य गति - किसी पिण्ड को क्षैतिज व ऊर्ध्वाधर से भिन्न प्रक्षेपित करने पर पिण्ड द्वारा प्राप्त गति को प्रक्षेप्य गति कहते हैं।
14. प्रक्षेप्य गति दो प्रकार की होती है - 1. क्षैतिज प्रक्षेप्य तथा तिर्यक प्रक्षेप्य ।
15. प्रक्षेप्य का पथ परवलयाकार होता है।
16. तिर्यक प्रक्षेप्य में 45° पर क्षैतिज परास अधिकतम होती हैं।
17. तिर्यक प्रक्षेप्य में 45° पर प्रक्षेपित करने पर क्षैतिज परास अधिकतम ऊंचाई की चार गुनी होती है।
18. क्षैतिज से 76° पर प्रक्षेपित करने पर क्षैतिज परास व ऊँचाई परस्पर बराबर होते हैं।
19. एक समान वृत्तीय गति त्वरित होती है जिसमें आवृति तथा आवर्तकाल का गुणनफल सदैव 1 होता है।
20. कोणीय विस्थापन एक सदिश राशि है जिसका मात्रक रेडियन होता है।
21. कोणीय त्वरण एक सदिश राशि है जिसका मात्रक रेडियन/सेकण्ड होता है ।
22. एकसमान वृत्तीय गति में त्वरण वेग के लम्बवत् होता है।
23. एकसमान वृत्तीय गति में त्वरण केंद्र की ओर तथा वेग स्पर्शरेखीय दिशा में क्रियाशील होता है।

सही विकल्प का चयन कीजिये

1. निम्नलिखित में सदिश राशियों का समूह है।

   a) दाब, वेग, बल b) त्वरण, क्षेत्रफल, संवेग

   c) जड़त्व आघूर्ण, बल आघूर्ण, विस्थापन d) त्वरण, दाब, क्षेत्रफल

2. यदि किन्हीं दो सदिशों के परिणामी का परिमाण दोनों के परिमाण के योग के बराबर है तो निम्न में से कौन–सा कथन सत्य है।

   a) दोनों सदिश समान है b) दोनों सदिश लम्बवत है

   c) दोनों के मध्य कोण 180° है d) दोनों के मध्य 0° का कोण है

docs.aglasem.com

aglasem.com

3. दो सदिशों A व B के मध्य θ कोण हो तो इनके परिणामी सदिश का परिमाण होगा–

a) $|A+B|$　　b) $\sqrt{A^2+B^2}$

c) $\sqrt{A^2+B^2+2AB\cos\theta}$　　d) उपरोक्त में से कोई नहीं

4. अधिकतम दूरी तक प्रक्षेपित करने हेतु प्रक्षेप्य कोण होना चाहिये–

a) 45^o　　b) 60^o　　c) 90^o　　d) 0^o

5. निम्न में से किन कोणों के जोड़ों के लिये क्षैतिज परास समान रहेगा–

a) $50^o, 75^o$　　b) $40^o, 50^o$　　c) $50^o, 60^o$　　d) $40^o, 45^o$

6. अदिश राशि वह है जो :–

a) किसी भी प्रक्रिया में संरक्षित रहती है

b) कभी ऋणाात्मक नहीं होती

c) विमाहीन होती है

d) उन सभी दर्शकों के लिए एक ही मान रखती है चाहे अक्षों से उनके अभिविन्यास भिन्न–भिन्न हों।

7. घड़ी की सेकंड सुई का कोणीय वेग है-

(a) 60 π रेडियन/सेकंड　　b) 30 रेडियन/सेकंड

(c) π/30 रेडियन/सेकंड　　d) 2π रेडियन/सेकंड

8. निम्न में कौन की द्विविमीय गति नहीं है -

a. वृत्तीय गति

b. प्रक्षेप्य गति

c. बन्दुक की गोली की गति

d. किसी मीनार से स्वतंत्रता पूर्वक गिरती गेंद की गति

9. उड़ान के समय उच्चतम बिंदु पर किसी प्रक्षेप्य का त्वरण होता है -

a. g　　b. 0

c. न्यूनतम　　d. अधिकतम

10. किसी प्रक्षेप्य द्वारा क्षैतिज में चली गई दूरी उसकी अधिकतम ऊँचाई की चार गुनी है , प्रक्षेपण कोण का मान होगा

a. 90°　　b. 60°　　c.45°　　d. 30°

11. महत्तम ऊँचाई प्राप्त करने के लिए प्रक्षेपण कोण होना चाहिए

a. 90°　　b. 60°　　c. 45°　　d. 30°

12. एक समान वृत्तीय गति में वस्तु के वेग तथा त्वरण के मध्य कोण होगा -

a. 90°　　b. 60°　　c.45°　　d. 30°

13. अभिकेंद्र त्वरण सदैव होता है -

a. केंद्र की ओर　　b. केंद्र से परे

c. स्पर्श रेखीय दिशा में　　d. उपरोक्त में से कोई नहीं

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-

1. अधिकतम ऊँचाई प्राप्त करने के लिए पिंड को .... दिशा में फेंकना चाहिए।
2. वृत्तीय मोड़ पर सड़क....................... की ओर ऊँची बनाई जाती है।
3. प्रक्षेपण कोण A और 90^0 - A के लिए प्रक्षेप्य का .... समान रहता है।
4. कोणीय वेग का मात्रक .... होता है।
5. प्रक्षेप्य गति .... नियत रहता है।
6. महत्तम ऊँचाई प्राप्त करने के लिए प्रक्षेप्य कोण .... होना चाहिए।

docs.aglasem.com

aglasem.com

एक वाक्य में उत्तर दीजिये

1- शुन्य सदिश किसे कहते हैं?

2- प्रक्षेप्य किसे कहते हैं?

3- किसी सदिष A की दिशा में एकांक सदिश लिखिये।

4- अभिकेन्द्री त्वरण का सुत्र कोणीय वेग के पद में लिखिये।

5- द्विविमीय गति के तीन उदाहरण दीजिए।

6. समतल में गति.करते हुए एक कण के किसी क्षण निर्देशांक (3 , 4) हैं । मूल बिन्दु से उसको दूरी कितनी है।

7. विमीय गति में एकसमान त्वरित गति के विस्थापन समीकरणों को लिखिए।

8. प्रक्षेप्य पथ के किस बिंदु पर चाल अधिकतम एवं किस बिंदु पर न्यूनतम होती है ?

9. प्रक्षेप्य पथ के उच्चतम बिंदु पर वेग और त्वरण के बीच कितना कोण बनता है ?

10. क्या प्रक्षेप्य गति में प्रक्षेप्य का त्वरण उसके वेग के सदैव लंबवत् होता है ?

11. एक खिलाड़ी गेंद को क्षैतिज से किस झुकाव पर फेंके कि गेंद अधिकतम दूरी तक जाये ?

12. 5 किग्रा. व 10 किग्रा. के दो गोले समान वेग से एक ही दिशा में फेंके जाते हैं। कौन-सा गोला पृथ्वी से पहले टकराएगा ?

अति लघुउत्तरीय प्रश्न

1- सदिशों के योग संबंधी त्रिभुज नियम लिखिये।

2- किसी सदिश A को किसी XY समतल में वियोजित करके लिखिये।

3- एकांक सदिश किन्हें कहते हैं? $\hat{i}, \hat{j}$ और $\hat{k}$ क्या है?

4- कोणीय वेग किसे कहते हैं?इसका सुत्र लिखिये।

5- वृत्तीय गति के लिये आवर्तकाल और आवृत्ति की परिभाषा एवं सुत्र लिखिये।

6- अक्षों X,Y,Z के अनुदिश एकांक सदिश लिखिये।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:-

1 प्रक्षेप्य गति किसे कहते हैं? पृथ्वी सतह से क्षैतिज से किसी कोण पर फेंके गये प्रक्षेप्य के लिये उड्डयन काल, प्राप्त अधिकतम ऊँचाई एवं क्षैतिज परास के लिये सूत्र स्थापित करो।

2 क्षैतिज से 300 का कोण बनाते हुये एक गेंद प्रारम्भिक वेग 15m/s के वेग से फेंकी जाती है। गणना कीजिये -
a) अधिकतम ऊंचाई b) उड्डयन काल c) क्षैतिज परास

3 वृत्तीय गति किसे कहते हैं? एक समान वृत्तीय गति के लिये अभिकेन्द्री त्वरण ज्ञात कीजिये।

4 उन उन्नयनों के लिए जिनके मान 45० से बराबर मात्रा द्वारा अधिक या कम हैं, के क्षैतिज परास बराबर होते है। इस कथन को सिद्ध कीजिए ।

5 क्रिकेट का कोई खिलाड़ी किसी गेंद को 100 मीटर की अधिकतम क्षैतिज दूरी तक फेंक सकता है । वह खिलाड़ी उसी गेंद को जमीन से ऊपर कितनी उंचाई तक फेंक सकता है।

6 सिद्ध कीजिए कि मूल बिंदु से θ कोण पर फेंके गये प्रक्षेप्य के लिये प्रक्षेप्य कोण का मान
$\theta = \tan^{-1}\frac{4h}{R}$ होगा । यहाँ प्रयुक्त प्रतीकों के अर्थ सामान्य है।

7- प्रक्षेप्य गति में किस कोण पर क्षैतिज परास ऊँचाई के बराबर होती है? गणना कीजिए ।

6- अभिकेंद्र त्वरण किसे कहते हैं ? व्यंजक ज्ञात करो ।

7- सिद्ध कीजिये कि एकांक त्रिज्या की वृत्तीय गति में रेखीय विस्थापन वस्तु के कोणीय विस्थापन के बराबर होता है।

8- सिद्ध कीजिये कि एकांक त्रिज्या की वृत्तीय गति में रेखीय वेग वस्तु के कोणीय वेग के बराबर होता है।

9- सिद्ध कीजिये कि एकांक त्रिज्या की वृत्तीय गति में रेखीय वरण वस्तु के कोणीय त्वरण के बराबर होता है।

10- सिद्ध कीजिये कि एक समान वृत्तीय गति में पिण्ड का आवर्तकाल उसकी आवृति के व्युत्क्रम के बराबर होता है।

----००----

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय -5 गति के नियम

स्मरणीय बिंदु :-

1. बल - वह बाह्य कारक है, जो किसी वस्तु की गति, आकार या आकृति को प्रभावित करता है। यह सदिश राशि है, SI मात्रक न्यूटन
2. जड़त्व - वह आंतरिक कारक है जो किसी वस्तु की गति , आकार या आकृति में होने वाले परिवर्तन का विरोध करता है। वस्तु का द्रव्यमान या संहति उसके जड़त्व की माप होती है।
3. जड़त्व तीन प्रकार का होता है-
    a. विराम का जड़त्व
    b. गति का जड़त्व
    c. दिशा का जड़त्व
4. न्यूटन के गति संबंधी तीन नियम हैं -
    a. प्रथम नियम या जड़त्व का नियम - **F** = 0 पर **v** = नियतांक
    b. द्वित्तीय नियम या गति का मूल नियम - **F** = Δ**p**/Δt ; **F**= m**a**
    c. तृतीय नियम या क्रिया - प्रतिक्रिया का नियम -- **F**ab=-**F**ba
5. संवेग = गति की मात्रा जो गति अर्थात वेग तथा मात्रा अर्थात् द्रव्यमान के गुणनफल के बराबर होता है; संवेग **p** = m **v**
6. आवेग = बल का कुल प्रभाव जो बल तथा संपर्क समय अंतराल के गुणनफल के बराबर होता है; आवेग **J** = **F**Δt
7. संवेग में परिवर्तन आवेग के बराबर होता है; **J**=Δ**p**
8. संवेग संरक्षण का नियम - **F** = 0 पर **p** = नियतांक
9. न्यूटन N = kgm/s^2
10. क्रिया- प्रतिक्रिया बल सदैव अलग-अलग वस्तुओं पर लगते है।
11. प्रकृति में बल सदैव युग्म या जोड़े में होते हैं।
12. रॉकेट नोदन संवेग संरक्षण के नियम पर आधारित है।
13. ऊपर की ओर गतिशील लिफ्ट में व्यक्ति स्वयं को भारी अनुभव करता है।
14. नीचे की ओर गतिशील लिफ्ट में व्यक्ति स्वयं को हल्का अनुभव करता है।
15. g त्वरण से नीचे की ओर गतिशील लिफ्ट में व्यक्ति स्वयं को भारहीन अनुभव करता है।
16. पैदल चलते समय वास्तविक रूप में व्यक्ति पृथ्वी को पीछे की ओर धकेलता है, प्रतिक्रिया स्वरूप व्यक्ति आगे बढ़ जाता है।
17. संघट्ट - दो वस्तुओं की टक्कर को संघट्ट कहते हैं।
18. संघट्ट दो प्रकार का होता है- प्रत्यास्थ और अप्रत्यास्थ संघट्ट ।
19. प्रत्यास्थ संघट्ट में रेखीय संवेग तथा गतिज ऊर्जा दोनों संरक्षित रहते हैं।
20. अप्रत्यास्थ संघट्ट में केवल संवेग संरक्षित रहता है।
21. अप्रत्यास्थ संघट्ट में गतिज ऊर्जा की हानि होती है।
22. संघट्ट में वस्तुओं का परस्पर संपर्क आवश्यक नहीं है।

बहुविकल्पीय प्रश्न : -

1. एक वस्तु एक समान वेग से गतिशील है , निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है -
    a. उस पर परिणामी बल शून्य है
    b. उसमें कोई त्वरण नहीं है
    c. दोनों कथन सत्य हैं
    d. दोनों कथन असत्य हैं
2. संवेग परिवर्तन की दर बराबर होती है -
    a. वेग के
    b. त्वरण के
    c. बल के
    d. आवेग के।
3. गतिशील गोली लकड़ी के एक टुकड़े में टकराकर उसमें धँस जाती है। क्या संरक्षित रहेगा -
    a. संवेग
    b. गतिज ऊर्जा
    c. कोणीय संवेग
    d. इनमें से कोई नहीं।

docs.aglasem.com

aglasem.com

4. किसी वस्तु के जड़त्व का कारण है -
    a. केवल द्रव्यमान
    b. केवल वेग
    c. दोनों
    d. कोई नहीं
5. रॉकेट नोदन आधारित है-
    a. द्रव्यमान संरक्षण पर
    b. ऊर्जा संरक्षण पर
    c. संवेग संरक्षण पर
    d. उपरोक्त तीनों पर
6. लिफ्ट के अचानक टूटकर नीचे की ओर जाने पर उसमें खड़ा व्यक्ति स्वयं को -
    a. भारी अनुभव करेगा
    b. हल्का अनुभव करेगा
    c. भारहीन अनुभव करेगा
    d. कोई परिवर्तन अनुभव नहीं करेगा
7. नाव से किसी सवार के किनारे पर कूदते समय क्रिया बल लगता है -
    a. किनारे पर
    b. नाव पर
    c. व्यक्ति पर
    d. किसी पर नहीं

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-

1. किसी वस्तु का .... उसके जड़त्व की माप है।
2. प्रकृति में बल सदैव .... में होते हैं।
3. यदि किसी निकाय पर कोई बाह्य बल न लगाया जाये तो उसका .... नियत रहता है।
4. दो वस्तुएँ समान वेग से गतिमान हैं, तो भारी वस्तु का संवेग हल्की वस्तु के संवेग से................ होता है।
5. न्यूटन के गति के .... नियम को जड़त्व का नियम कहते हैं।
6. बल = द्रव्यमान x ... .
7. SI पद्धति में बल का मात्रक .... है।
8. रॉकेट नोदन....................... पर आधारित है।
9. प्रत्येक क्रिया के बराबर तथा विपरीत .... होती है।

एक वाक्य में उत्तर दीजिये

1. जड़त्व किसी वस्तु के द्रव्यमान से किस प्रकार संबंधित है?
2. संवेग का SI मात्रक तथा विमीय सूत्र लिखिए।
3. न्यूटन के गति के द्वितीय नियम को सूत्र के रूप में लिखिए।
4. यदि कोई वस्तु एक समान गति में है, तो उस पर लगने वाला कुल परिणामी बाह्य बल शून्य हो सकता है अथवा नहीं।
5. पानी पर तैरते हुए m द्रव्यमान के एक कार्क पर नेट बल का मान कितना होगा?
6. वर्षा की बूँद नियत वेग से गिर रही है उस पर क्रियाशील नेट बल का परिमाण व दिशा बताइए।
7. एक पिंड एकसमान वेग से चल रहा है। क्या उसके वेग को नियत रखने के लिए बल की आवश्यकता होगी?

अति लघुत्तरीय प्रश्न-

1. जड़त्व से आप क्या समझते हैं ?
2. जड़त्व कितने प्रकार का होता है ?
3. संवेग की परिभाषा लिखिए।

docs.aglasem.com

aglasem.com

4. बल का SI मात्रक तथा विमीय सूत्र लिखिए।
5. एक न्यूटन बल को परिभाषित कीजिए।
6. आवेग क्या है ? इसका SI मात्रक लिखिए।
7. पानी पर तैरते हुए m द्रव्यमान के एक कार्क के लिए फ्री बॉडी डायग्राम(FBD) बनाइये।
8. एक वस्तु पर एकसमान बल आरोपित किया गया है, क्या नियत रहेगा-वेग, संवेग, त्वरण या गतिज ऊर्जा
9. घर्षण किसे कहते हैं?
10. स्थैतिक घर्षण तथा इसके सीमांत मान को परिभाषित कीजिये।
11. गतिक घर्षण के प्रकार बताइए।
12. घर्षण से होने वाले लाभ - हानि बताइए ।
13. घर्षण को कम करने तथा बढ़ाने के उपाय लिखिए ।
14. क्रिकेट में खिलाड़ी कैच लेते समय अपने हाथों को पीछे की ओर क्यों खींचते हैं ?
15. पहियों में बाल बेयरिंग का उपयोग क्यों किया जाता है ?
16. रोलर (लॉन मूवर) को धकेलने की अपेक्षा खींचना क्यों आसान होता है ?
17. लम्बी कूद में खिलाड़ी कुछ दूरी से दौड़कर आते हैं, ताकि वे अधिक दुरी तक कूद सके। इसमें गति के किस नियम का उपयोग किया जाता है।
18. संवेग संरक्षण का नियम लिखिए।
19. तोप या बंदूक के प्रतिक्षिप्त वेग के लिए व्यंजक ज्ञात कीजिये।

आंकिक प्रश्न :-

1. 25 m/s से गतिशील 60 kg के पिण्ड पर 50 न्यूटन का मंदन बल लगाया जाता है। पिण्ड को रुकने में लगा समय ज्ञात कीजिये।
2. 90 km/h से गतिशील 600 kg के वाहन को ब्रेक लगाकर रोका जाता है। यदि वाहन को रुकने में लगा समय 20 सेकण्ड लगा हो अवरोधक बल (मंदन बल) तथा ब्रेक लगाने के बाद वाहन द्वारा चली गई दूरी ज्ञात कीजिये।
3. 60 kg द्रव्यमान का व्यक्ति एक लिफ्ट के फर्श पर खड़ा है। निम्न स्थितियों में व्यक्ति के आभासी भार की गणना कीजिये। (g = 10 m/s^2)
   a. लिफ्ट 10 m/s के एकसमान वेग से ऊपर की ओर गतिशील हो ।
   b. लिफ्ट 10 m/s के एकसमान वेग से नीचे की ओर गतिशील हो ।
   c. लिफ्ट 10 m/m^2 के एकसमान त्वरण से ऊपर की ओर गतिशील हो ।
   d. लिफ्ट 10 m/m^2 के एकसमान त्वरण से नीचे की ओर गतिशील हो ।
4. 20 ग्राम की एक 900 km/h की चाल से चलकर एक रेत के ढेर में 25 cm तक घुस जाती है। गोली में उत्पन्न मंदन ज्ञात कीजिये।
5. 10 kg की वस्तु पर 20 न्यूटन का बल 2.5 सेकण्ड तक लगाया जाता है। निम्न की गणना कीजिये-
   a. आवेग
   b. संवेग में परिवर्तन
   c. वस्तु का त्वरण

6. 10 kg के दो पिण्ड एक दूसरे की ओर क्रमशः 10 m/s तथा 15 m/s के वेग से आ रहे हैं । अप्रत्यास्थ संघट्ट होने पर निकाय का वेग तथा दिशा ज्ञात कीजिये।

---००---

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय– 6
कार्य–ऊर्जा और शक्ति

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये :–

1. किसी वस्तु पर किया गया कार्य उसकी .... में परिवर्तन के बराबर होता है।
2. घर्षण द्वारा किया गया कार्य .... होता है।
3. बंद पथ में संरक्षी बल द्वारा किया गया कार्य .... होता है।
4. कार्य करने की दर को .... कहते हैं।
5. असंरक्षी बल द्वारा किया गया कार्य .... पर निर्भर करता है।
6. दृढ़ स्प्रिंग का स्प्रिंग नियतांक मृदु स्प्रिंग के स्प्रिंग नियतांक से .... होता है।
7. किसी बंद पथ में संरक्षी बल द्वारा किया गया कार्य .... होता है।

सही विकल्प का चयन कीजिये :–

1. निम्नलिखित में सें ऊर्जा का मात्रक **नहीं** है–

   a) जूल b) अर्ग c) इलेक्ट्रॉन–वोल्ट d) वाट

2. किसी निकाय की स्थितिज ऊर्जा बढ़ेगी यदि –

   a) निकाय पर संरक्षी बल द्वारा कार्य किया जाये।
   b) निकाय पर सरंक्षी अथवा असंरक्षी बल द्वारा कार्य किया जाये।
   c) निकाय द्वारा संरक्षी बल के विरूद्ध कार्य किया जाये।
   d) निकाय द्वारा संरक्षी अथवा असंरक्षी बल के विरूद्ध कार्य किया जाये।

3. अप्रत्यास्थ संघट्ट में संरक्षित रहता है–

   a) गतिज ऊर्जा b) संवेग c) दोनो d) कोई नहीं

4. जब कोई संरक्षी बल किसी वस्तु पर धनात्मक करता है तो उसकी स्थितिज ऊर्जा–

   a) घटती है b) अपरिवर्तित रहती है
   c) बढ़ती है d) कुछ कह नहीं सकते

5. एक व्यक्ति किसी वस्तु को निम्नानुसार मार्ग से A से B (पृथ्वी तल से ऊंचाई h) तक पहुँचाता है।



   किस स्थिती में किया गया कार्य अधिक होगा :–

   a) I b) II c) III d) सभी में समान कार्य

एक वाक्य में उत्तर दीजिये.

1. यदि कोई मशीन 10 सेकेण्ड में 100 जूल कार्य करे तो उसकी शक्ति बताइये।
2. कार्य का SI मात्रक लिखिये।
3. शक्ति का SI मात्रक लिखिये।
4. जब बल और विस्थापन के मध्य अधिक कोण हो तो कार्य की प्रकृति कैसी होगी।
5. स्प्रिंग नियतांक का मात्रक लिखिये।
6. द्रव्यमान ऊर्जा तुल्यता समीकरण लिखिये।
7. एकविमीय संघट्ट किसे कहते हैं?
8. द्विविमीय संघट्ट किसे कहते हैं?

aglasem.com
docs.aglasem.com

लघुत्तरीय प्रश्न (3 अंक वाले)

1. शक्ति की परिभाषा, मात्रक एवं विमीय सूत्र लिखिये।
2. यदि $f=3\hat{i}+4\hat{j}+5\hat{k}$ तथा विस्थापन $d=5\hat{i}+4\hat{j}-3\hat{k}$ हो तो कार्य की गणना कीजिये।
3. प्रत्यास्थ संघट्ट क्या होता है ?
4. अप्रत्यास्थ संघट्ट क्या होता है ?
5. कार्य ऊर्जा प्रमेय लिखिये।
6. सदिशों के अदिश गुणा के कोई दो गुण लिखिये।
7. प्रत्यास्थ स्थितिज ऊर्जा की परिभाषा लिखिये।
8. नाभिकीय विखंडन में ऊर्जा किस प्रकार प्राप्त होती है ?
9. शक्ति के लिये सूत्र $P = f.v$ स्थापित कीजिए।
10. कोई बाईक $5\ ms^{-1}$के एक समान वेग से गतिमान है। यदि सड़क द्वारा टायर पर 300 N का घर्षण आरोपित होता है, तो बाईक के ईंजन की शक्ति ज्ञात कीजिए।
11- किसी भवन के भूतल पर लगा पंप $30\ m^3$आयतन की पानी की टंकी को 15 मिनिट में भर देता है। यदि टंकी भूतल से 40 m ऊपर हो तो पंप द्वारा व्यय शक्ति ज्ञात कीजिए। ($g = 10\ m/s^2$)
12. सिद्ध कीजिये मुक्त रूप से गिरती किसी वस्तु की कुल यांत्रिक ऊर्जा अचर रहती है।
13. संरक्षी बल एवं असंरक्षी बल में अंतर स्पष्ट कीजिये।
14. किसी स्प्रिंग को खींचने या दबाने पर संचित स्थितिज ऊर्जा के लिये सूत्र स्थापित कीजिये।
15. कोई साइकिल सवार ब्रेक लगाने पर फिसलता हुआ 10m दूर जाकर रूकता है।इस प्रक्रिया की अवधि में सड़क द्वारा साइकिल पर लगाया गया बल 200 N है, जो उसकी गति के विपरीत है। सड़क द्वारा साइकिल पर किये गये कार्य की गणना कीजिये।

...00...

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय– 7
कणों के निकाय तथा घूर्णी गति

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये–

1. कोणीय संवेग = रेखीय संवेग x................
2. $\hat{i} \times \hat{j} =$.................
3. $\vec{A} \times \vec{A} =$..................
4. ऐसा पिंड जिसके कणों पर बल लगाने पर भी उनके बीच की दूरी नहीं बदलती है, को .... कहते हैं।
5. सदिशों का सदिश गुणा क्रम विनिमय नियम का पालन .... है।

7- घूर्णन गति एवं स्थान्तरण गति के संयोजन को .... गति कहते हैं।

8- किसी त्रिभुजाकार प्लेट का द्रव्यमान केंद्र उस त्रिभुज के ....पर स्थित होता है।

9- यदि किसी निकाय के कणों पर बाह्य बल शून्य है तो उसके द्रव्यमान केंद्र का संवेग ....होता है।

सही विकल्प चुनिये।

1. जड़त्व आघूर्ण का SI मात्रक है–

a) Kg m^2 b) Kg^2 m c) Kgm^{-2} d) Kgm

2. किसी बलयुग्म का आघूर्ण –

a)उस बिन्दु पर निर्भर नहीं करता जिसके परितः आघूर्ण ज्ञात करते हैं।

b) उस बिन्दु पर निर्भर करता है जिसके परितः आघूर्ण ज्ञात करते हैं।

c) युग्म बनाने वाले बलों के आघूर्ण पर निर्भर नहीं करता है।

d) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. कोणीय संवेग का SI मात्रक है–

a) Js b) Nm c) Kg m^2 d) Nms^{-1}

4. एक दृढ़ पिंड को यांत्रिक संतुलन में होने के लिये –

a) नेट बाह्य बल शून्य होना चाहिये।

b) नेट बाह्य बल आघूर्ण शून्य होना चाहिये।

c) a व bदोनों आवश्यक है।

d) a व bदोनों आवश्यक नहीं है।

एक वाक्य में उत्तर दीजिये.

1. वह बिन्दु जिसके परितः किसी पिंड का कुल गुरूत्वीय बल आघूर्ण शून्य हो, क्या कहलाता है?
2. किसी त्रिभुज का द्रव्यमान केन्द्र त्रिभुज के किस विशेष बिन्दु पर स्थित होता है?
3. किसी पिंड का द्रव्यमान केन्द्र और गुरूत्व केन्द्र कब संपाती नही होगा?
4. घूर्णन गति करते पिंड के कोणीय वेग और इस पिंड के किसी कण के रेखीय वेग के मध्य कितना कोण होता है?
5. किसी ठोस गोले को पीट कर उसी त्रिज्या की मोटी वृत्ताकार चकती के रूप में बदल दिया जाता है, इसके जड़त्व आघूर्ण पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?
6. यदि पृथ्वी की समस्त बर्फ पिघल जाये तो पृथ्वी पर एक दिन के समय पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

docs.aglasem.com

aglasem.com

अति लघुउत्तरीय प्रश्नः– (3 अंक वाले)

1. सिद्ध कीजिये की कणों के निकाय का द्रव्यमान केंद्र इस प्रकार गति करता है मानो निकाय का सम्पूर्ण द्रव्यमान उसमे संकेंद्रित है।
2. कोणीय संवेग संरक्षण का नियम लिखिये।
3. दो सदिशों के सदिश गुणा के कोई दो गुण लिखिये।
4. कोणीय वेग एवं रेखीय वेग में संबंध लिखिये। कोणीय वेग को परिभाषित कीजिये।
5. घूर्णन गति में जड़त्व आघूर्ण के भौतिक महत्व को स्पष्ट कीजिये।
6. किसी पिण्ड का जड़त्व आघूर्ण किन किन कारणों पर निर्भर करता है?
7. कोई पहियाँ 1200 r p.m. से घूम रहा है। इसका कोणीय वेग rad/s में ज्ञात कीजिये।
8. द्रव्यमान केन्द्र किसे कहते हैं?
9. बल युग्म किसे कहते हैं? बल युग्म के आघूर्ण का सूत्र स्थापित कर दैनिक जीवन में बलयुग्म के दो उदाहरण दीजिये।
10. लोटनिक गति किसे कहते हैं? लौटनिक गति करते पिण्ड की सम्पूर्ण गतिजऊर्जा ज्ञात कीजिये।
11. कोणीय संवेग एवं बल आघूर्ण में संबंध स्थापित कीजिये।
12. कोई बच्चा किसी घूर्णी मंच पर अपनी दोनों भुजाऐं फैलाकर खड़ा है। घूर्णी मंच को 40 rpm से घूर्णन कराया जाता है। यदि बच्चा अपने हाथों को सिकोड़ कर अपना
13. जड़त्व आघूर्ण आरम्भिक जड़त्व आघूर्ण से $\frac{2}{5}$ गुना कर ले तो इस स्थिती में उसकी कोणीय चाल ज्ञात कीजिये।
14. किसी घूर्णक (रोटर) की 200 rad/s की एक समान कोणीय चाल बनाये रखने के लिये एक ईंजन को 180 Nm का बल आघूर्ण (टार्क) प्रेषित करना आवश्यक है। ईंजन की शक्ति ज्ञात कीजिये।
15. 20kg द्रव्यमान और 0.25m त्रिज्या का कोई ठोस बेलन(सिलेण्डर) 100 red/s की कोणीय चाल से घूर्णन कर रहा है, बेलन की घूर्णन गतिजऊर्जा ज्ञात कीजिये।
16. निम्नलिखित का कारण स्पष्ट कीजिये–
    i पाने की सहायता से नट को खोलना आसान होता है।
    ii सइकिल के पहिये में स्पोक लगाये जाते है।
    iii किसी ईंजन के साथ भारी पहिया(गतिपालक चक्र) लगाया जाता है।

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय– 8
गुरुत्वाकर्षण

स्मरणीय बिंदु

- प्रकृति में चार प्रकार के मूल बल पाए जाते हैं विद्युत चुंबकीय बल ,प्रबल नाभिकीय बल, दुर्बल नाभिकीय बल तथा गुरुत्वाकर्षण बल ।
- उपरोक्त मौलिक बलों में से गुरुत्वाकर्षण बल सबसे दुर्बल बल है।
- ब्रह्मांड के किन्हीं भी दो सजीव अथवा निर्जीव, सूक्ष्म अथवा विशाल द्रव्य कणों या पिंडों जिनमें कुछ ना कुछ द्रव्यमान हो ,के बीच गुरुत्वाकर्षण बल अवश्य लगता है चाहे उसका अनुभव हो अथवा ना हो।
- तारों का जन्म , ब्रह्मांड की उत्पत्ति गुरुत्वाकर्षण बल के कारण ही संभव हुई है। एवं ब्रह्मांड का विनाश भी गुरुत्वाकर्षण बल के कारण ही होगा।
- महान भारतीय ज्योतिषाचार्य भास्कर द्वितीय (भास्कराचार्य) ने अपने ग्रंथ सिद्धांत शिरोमणि में खगोलीय पिंडों के बीच लगने वाले गुरुत्वाकर्षण बल की चर्चा की।
- न्यूटन का सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण नियम - किन्हीं दो पिण्डों के बीच लगने वाला गुरुत्वाकर्षण बल उनके द्रव्यमानों के गुणनफल के समानुपाती तथा उनके बीच की दूरी के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती होता है ।
- पिंडो के द्रव्यमान बढ़ाने पर उनके बीच लगने वाला गुरुत्वाकर्षण बल बढ़ता है जबकि दूरी बढ़ाने पर गुरुत्वाकर्षण बल कम होता है।
- गुरुत्वाकर्षण बल की दिशा दोनों पिण्डों को मिलाने वाली रेखा के अनुदिश होती है ।
- किसी गिरते हुए पिंड एवं पृथ्वी एक दूसरे पर एक समान गुरुत्वाकर्षण बल लगाते हैं परंतु पिंड का द्रव्यमान कम होने के कारण उसमें त्वरण अधिक होता है जबकि पृथ्वी का द्रव्यमान बहुत अधिक होने के कारण उसमें उत्पन्न त्वरण नगण्य होता है ।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के कारण उत्पन्न त्वरण को गुरुत्वीय त्वरण कहते हैं
- पृथ्वी का गुरुत्वीय त्वरण 9.8 मीटर/ सेकंड^2 है । जबकि चंद्रमा का गुरुत्व त्वरण 1.6 मीटर/सेकंड^2 है ।
- पृथ्वी के गुरुत्वीय त्वरण के मान में परिवर्तन
- भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर जाने पर g का मान बढ़ता है ।
- पृथ्वी तल से ऊंचाई के साथ गुरुत्वीय त्वरण के मान में कमी होती है।
- पृथ्वी तल से h ऊंचाई पर गुरुत्वीय त्वरण $g' = GM/(R+h)^2$

  यदि $h << R$ हो तो $g' = (1-2h/R)g$
- पृथ्वी तल से गहराई के साथ गुरुत्वीय त्वरण का मान कम होता जाता है।
- पृथ्वी तल से h गहराई पर गुरुत्वीय त्वरण $g' = GM/(R-h)^2$

  $=4\pi G(R-h)D/3$

  यदि $h << R$ हो तो $g' = (1-h/R)g$
- गुरुत्वीय क्षेत्र - किसी पिंड के चारों ओर का वह क्षेत्र जहां तक उसके गुरुत्वाकर्षण बल का प्रभाव होता है ,गुरुत्वीय क्षेत्र कहलाता है।
- गुरुत्वीय क्षेत्र की तीव्रता - पृथ्वी के गुरुत्वीय क्षेत्र के किसी बिंदु पर एकांक द्रव्यमान का पिण्ड जितने गुरुत्वाकर्षण बल का अनुभव करता है उसे उस बिंदु पर गुरुत्वीय क्षेत्र की तीव्रता कहते हैं यह एक सदिश राशि है ।

  इसका मान उस स्थान पर गुरुत्वीय त्वरण के आंकिक मान के बराबर होता है।
- गुरुत्वीय क्षेत्र की तीव्रता का मात्रक न्यूटन प्रति किलोग्राम होता है। एवं इस का विमीय सूत्र M^0LT^{-2} है।
- गुरुत्वीय विभव -एकांक द्रव्यमान के पिण्ड को अनंत से गुरुत्वीय क्षेत्र के किसी बिंदु तक लाने में किया गया कार्य उस बिंदु पर गुरुत्वीय विभव कहलाता है । इसका विमीय सूत्र $[V] = [M^0 L^2 T^{-2}]$

  इसका मात्रक जूल प्रति किलोग्राम है। गुरुत्वीय विभव $V = -GM/r$
- गुरुत्वीय क्षेत्र की तीव्रता और गुरुत्वीय विभव में संबंध $I = -dV/dr$
- गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा - किसी पिंड को अनंत से गुरुत्वीय क्षेत्र के किसी बिंदु तक लाने में किया गया कार्य उस बिंदु पर पिण्ड की गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा कहलाती है

  इसका एस आई मात्रक जूल है एवं इस का विमीय सूत्र $[ML^2T^{-2}]$ है।

docs.aglasem.com

aglasem.com

गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा U = -GMm/r

- पलायन वेग - वह न्यूनतम वेग जिससे किसी वस्तु को पृथ्वी तल से ऊपर फेंकने पर वह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र को पार कर जाती है और वापस लौट कर नहीं आती पलायन वेग कहलाता है।
- पलायन वेग = $\sqrt{(2GM/R)}$ Or $\sqrt{[2GM/(R+h)]}$ जहां h पृथ्वी तल से ऊंचाई है ।
  = $\sqrt{(2gR)}$
- पृथ्वी का पलायन वेग 11.2 किमी / सेकेण्ड है। जबकि चंद्रमा के लिए पलायन वेग का मान 2.38 किमी/सेकेण्ड है ।
- कक्षीय चाल - कोई पिण्ड पृथ्वी के चारों ओर जिस चाल से चक्कर लगाता है उसे कक्षीय चाल कहते हैं ।
- कक्षीय चाल = $\sqrt{(GM/R)}$ Or $\sqrt{[GM/(R+h)]}$ जहां h पृथ्वी तल से ऊंचाई है ।
  = $\sqrt{gR}$
  पलायन चाल = $\sqrt{2}$×कक्षीय चाल
- जिन ग्रहों का पलायन वेग का मान उन पर गैसों के वेगों के वर्ग माध्य मूल मान से अधिक होता है वहां वायुमंडल उपस्थित होता है। इसके विपरीत जिन ग्रहों पर पलायन वेग का मान गैसों के वेगो के वर्ग माध्य मूल मान से कम होता है वहां गैसें पिण्ड से पलायन कर जाती हैं और वहां वायुमंडल नहीं होता ।

केप्लर के ग्रहों की गति संबंधी नियम

- प्रथम नियम (कक्षा का नियम)-- प्रत्येक ग्रह सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्तीय कक्षाओं में गति करता है एवं सूर्य दीर्घवृत्त की किसी एक नाभि पर स्थित होता है।
- द्वितीय नियम (क्षेत्रफल का नियम) ग्रह को सूर्य से मिलाने वाली रेखा समान समयांतरालों में समान क्षेत्रफल तय करती है अर्थात ग्रह की कक्षीय चाल नियत होती है ।
- तृतीय नियम परिक्रमण काल का नियम - सूर्य के चारों ओर किसी ग्रह के परिक्रमण काल का वर्ग उसकी सूर्य से दूरी के घन के व्युत्क्रमानुपाती होता है ।
- यदि किसी ग्रह का परिक्रमण काल T एवं उसकी सूर्य से दूरी r हो तो - $T^2 \alpha 1/r^3$

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये-

1. गुरुत्वीय क्षेत्र की तीव्रता का मात्रक ....है।
2. गुरुत्वीय विभव का मात्रक .... है ।
3. यदि पृथ्वी वर्तमान की अपेक्षा अधिक तेज घूमने लगे तो हमारा भार ....जाएगा । (घट /बढ़)
4. सार्वत्रिक गुरुत्वीय नियतांक का मान .... है ।
5. तुल्यकाली उपग्रह का परिक्रमण काल .... होता है।
6. भूस्थिर उपग्रह की पृथ्वी तल से ऊंचाई लगभग .... होती है।
7. ....के मान के कारण ही किसी ग्रह पर वायुमंडल की उपस्थिति निर्धारित होती है। (पलायन वेग/कक्षीय वेग)
8. पृथ्वी की सतह के निकट परिक्रमा कर रहे उपग्रह का परिक्रमण काल लगभग......... होता है।
9. पृथ्वी तल से ऊपर की ओर जाने पर किसी पिंड की स्थितिज ऊर्जा........... है। (घटती / बढ़ती)
10. पृथ्वी सतह पर........... गुरूत्वीय त्वरण का मान अधिकतम होता है।
11. खोखले गोले के अन्दर स्थित किसी बिन्दु द्रव्यमान पर बाह्य स्थित दूसरे पिण्डों के कारण गुरूत्वाकर्षण बल .... है। (लगता है/नहीं लगता है)

सही विकल्प का चयन कीजिये

1- दो पिण्डों के बीच लगने वाला गुरुत्वाकर्षण बल F है उनके द्रव्यमान तथा उनके बीच की दूरी दोगुनी कर दी जाए तो उनके बीच गुरुत्वाकर्षण बल होगा -

a.F b.2F c.F/2 d.4F e.F/4

2- 2 पिण्डों के बीच लगने वाला गुरुत्वाकर्षण बल F है। यदि उनकी द्रव्यमान वही रहें तथा उनके बीच की दूरी दोगुनी कर दी जाए तो गुरुत्वाकर्षण बल होगा

a.F b.2F c.F/2 d.4F e.F/4

3- दो पिण्डों के बीच की दूरी R है इनके बीच गुरुत्वाकर्षण बल समानुपाती होगा -

a.R^2 b.R^4 c.R^{-2} d.R^{-4}

docs.aglasem.com

aglasem.com

4-समान द्रव्यमान के दो पिण्डों के बीच गुरुत्वाकर्षण बल F है यदि एक पिण्ड का आधा द्रव्यमान दूसरे पिण्ड में स्थानांतरित कर दिया जाए तो उनके बीच लगने वाला गुरुत्वाकर्षण बल होगा -

a.F b.3F c.F/2 d.3F/4 e.3F/2

5- प्रकृति के निम्नलिखित बलों में से कौन सा बल सबसे दुर्बल है

a.विद्युत चुंबकीय बल b.प्रबल नाभिकीय बल
c.दुर्बल नाभिकीय बल d.गुरुत्वाकर्षण बल

6-निम्नलिखित में से किस बल का अस्तित्व प्रकृति के प्रत्येक स्थान पर है

a.विद्युत चुंबकीय बल b.गुरुत्वाकर्षण बल
c.नाभिकीय बल d.कूलाम बल

7 - किसी कृत्रिम उपग्रह पर भारहीनता का कारण है -

a.द्रव्यमान केंद्र b.शून्य गुरुत्व
c.उपग्रह की सतह द्वारा शून्य प्रतिक्रिया बल d.उपरोक्त में से कोई नहीं

8-पृथ्वी सतह से कितनी ऊंचाई पर गुरुत्वीय त्वरण का मान शून्य हो जाएगा -

a.R b.R/2
c.अनंत पर d.उपरोक्त में से कोई नहीं

9- 100 ग्राम द्रव्यमान वाली वस्तु का भार पृथ्वी सतह पर कितना होगा (पृथ्वी का गुरुत्वीय त्वरण g = 10 मीटर/ सेकंड^2)

a. 1 N b.10 N c.100 N d.1000 N

10- पृथ्वी की सतह पर किसी पिंड का द्रव्यमान 100 ग्राम है चंद्रमा की सतह पर इसका द्रव्यमान होगा -

a.100 ग्राम b.100 ग्राम से अधिक
c.100 ग्राम से कम d.कुछ कहा नहीं जा सकता

11- पृथ्वी की सतह पर किसी पिंड का द्रव्यमान 100 किलोग्राम है पृथ्वी की सतह से उसकी त्रिज्या के बराबर गहराई पर पिण्ड का द्रव्यमान होगा

a.0 किग्रा b.10 किग्रा c.100 किग्रा d.1000 किग्रा

12- किसी पिंड के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है

a.पलायन वेग , कक्षीय वेग का दुगना होता है ।
b.कक्षीय वेग , पलायन वेग का दुगना होता है ।
c.पलायन वेग का मान कक्षीय वेग के मान के बराबर होता है ।
d.पलायन वेग का वर्ग कक्षीय वेग के वर्ग का दुगना होता है ।
e.कक्षीय वेग का वर्ग पलायन वेग के वर्ग का दुगना होता है ।

13- M द्रव्यमान के पिण्ड के लिए पलायन वेग (v) के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है -

a. $v \propto M^0$ b. $v \propto$ M1/2 c. $v \propto M^2$ d. $v \propto M^{-1}$

14- पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे किसी और उपग्रह की स्थितिज ऊर्जा एवं गतिज ऊर्जा का अनुपात होगा

a. 1 : 2 b.2 : 1 c.1 : √2 d.√2 : 1

15- किसी पिंड को पहले 100 मीटर एवं फिर 200 मीटर की ऊंचाई से गिराया जाता है , तो -

a.पिंड पर पहली स्थिति की तुलना में दूसरी स्थिति में गुरुत्वाकर्षण बल अधिक लगेगा।
b.पिंड पर पहली स्थिति की तुलना में दूसरी स्थिति में गुरुत्वाकर्षण बल कम लगेगा।
c.दोनों स्थितियों में गुरुत्वाकर्षण बल समान लगेगा।
d.कुछ कहा नहीं जा सकता।

16- R भुजा किसी वाले समबाहु त्रिभुज के तीनों शीर्षों पर M द्रव्यमान के तीन पिंड रखे हैं त्रिभुज के केंद्रक पर रखे 2M द्रव्यमान के पिंड पर लगने वाला गुरुत्वाकर्षण बल होगा -

a. $6GM^2/R^2$ b.$4GM^2/R^2$ c.$2GM^2/R^2$ d.0

docs.aglasem.com

aglasem.com

17-कैपलर का ग्रहों की गति संबंधी दूसरा नियम (क्षेत्रफल का नियम)किसके संरक्षण पर आधारित है-

a. ऊर्जा b.रेखीय संवेग c.कोणीय संवेग d.इन में से कोई नहीं

18- X ग्रह की तुलना में पृथ्वी का द्रव्यमान लगभग 10 गुना एवं व्यास लगभग 2 गुना है तब पृथ्वी पर 100 किलोग्राम भार वाले व्यक्ति का भार X ग्रह पर कितना होगा -

a. 100 किग्रा भार b.200 किग्रा भार

c. 80 किग्रा भार d.40 किग्रा भार

19-एक पिण्ड सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की तुलना में 8 गुनी चाल से परिक्रमण कर रहा है, पिण्ड एवं पृथ्वी की त्रिज्याओं में अनुपात होगा -

a.1/2 b.1/3 c.1/4 d.1/8

20- यदि पृथ्वी की त्रिज्या आधी एवं उसका घनत्व 4 गुना कर दिया जाए तो पृथ्वी तल पर हमारा भार हो जाएगा -

a.आधा हो जाएगा b.दुगुना

c.चार गुना d.अपरिवर्तित रहेगा

21- गुरुत्वीय क्षेत्र की तीव्रता का SI मात्रक है-

a) ms-2 b) Jkg c) N.kg d) N.m-2 kg

22- गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा का मान शून्य होता है-

a) पृथ्वी सतह पर b) पृथ्वी के केंद्र पर

c) अनंत पर d) हमारे चयन अनुसार कही भी

23- किसी पिण्ड की पृथ्वी से पलायन चाल निर्भर करती है-

a) पिंड के द्रव्यमान पर b) प्रक्षेपण की दिशा पर

c) प्रक्षेपण बिंदु की पृथ्वी सतह से ऊंचाई पर d) उप्र्त्युक्त सभी

24- कोई धूमकेतु सूर्य की परिक्रमा अतिदीर्घ वृत्तीय कक्षा में कर रहा है। निम्नलिखित में से कौन-सी राशि नियत रहेगी-

a) रैखिक चाल b) कोणीय चाल c) स्थितिज ऊर्जा d) कोणीय संवेग

एक वाक्य में उत्तर दीजिये

1 पृथ्वी सतह के समीप पलायन चाल का मान लिखिये।

2. ध्रुवीय उपग्रह की पृथ्वी तल से ऊँचाई लगभग कितनी होती है?

3. पृथ्वी सतह के समीप भारहीनता कब परिलक्षित होगी?

4. एकसमान घनत्व के किसी खोखले गोले के कारण उसके भीतर स्थित किसी बिन्दु पर गुरूत्वाकर्षण बल का मान लिखिये।

5. पृथ्वी के केन्द्र पर गुरूत्वीय त्वरण का मान कितना होता है?

6. दो पिण्डो के बीच की दूरी आधी कर देने पर गुरूत्वाकर्षण बल के मान पर क्या प्रभाव होगा?

8. सुदूर संवेदन किस प्रकार के उपग्रह से किया जाता है?

9. किसी उपग्रह को अपने ग्रह के चारों ओर परिक्रमा करने के लिए आवश्यक अभिकेंद्र बल कहां से प्राप्त होता है घ्

10. गुरुत्वीय क्षेत्र की तीव्रता एवं गुरुत्वीय विभव में संबंध लिखिए।

सही जोड़ी मिलाइए

(1) A	B
i. गुरुत्वीय क्षेत्र की तीव्रता	a. GMm/r^2
ii. गुरुत्वीय विभव	b. $-GMm/r$
iii. गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा	c. Fr^2/Mm
iv. गुरुत्वाकर्षण बल	d. GM/R^2
v. सार्वत्रिक गुरुत्वीय नियतांक	e. $-GM/r$

docs.aglasem.com

aglasem.com

(2). " A " "B"

" A "	"B"
i. पलायन वेग	a. $GM/(R+h)^2$
ii. कक्षीय वेग	b. $\sqrt{GM/(R+h)}$
iii. परिक्रमण काल	c. $GMm/2r$
iv. गुरुत्वीय त्वरण	d. $\sqrt{2GM/(R+h)}$
v. उपग्रह की गतिज ऊर्जा	e. $2\pi\sqrt{(R+h)^3/GM}$

अतिलघुउत्तरीय प्रश्न

1. चंद्रमा पर वायुमंडल क्यों नहीं है ?
2. किसी ग्रह की पार्किंग कक्षा किसे कहते हैं
3. सार्वत्रिक गुरुत्वीय नियतांक का मान एवं उसका विमीय सूत्र लिखिए ?
4. पलायन चाल किसे कहते हैं? पृथ्वी व् चंद्रमा के लिए पलायन चाल का मान लिखिए ।
5. g एवं G में कोई दो अंतर लिखिए ।
6. किसी कृत्रिम उपग्रह में भारहीनता का कारण समझाइए।
7. पृथ्वी की सतह से अलग-अलग ऊंचाइयों पर दो उपग्रह परिक्रमा कर रहे हैं किस उपग्रह का परिक्रमण काल अधिक होगा और क्यों ?
8. पृथ्वी के द्रव्यमान की गणना कीजिए ।
9. गुरुत्वीय क्षेत्र की तीव्रता किसे कहते हैं ?
10. गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा किसे कहते हैं अनंत पर इसका मान कितना होता है ?
11. सिद्ध कीजिये कि पृथ्वी के गुरुत्व क्षेत्र के किसी बिंदु पर गुरुत्वीय क्षेत्र की तीव्रता उस बिंदु पर गुरुत्वीय त्वरण मान के बराबर होती है ।
12. उपग्रह का कक्षीय वेग किसे कहते हैं? इसका सूत्र लिखिए।
13. किसी उपग्रह का परिक्रमण काल किसे कहते हैं? ग्रह के परिक्रमण काल एवं उसकी ग्रह से दूरी में संबंध लिखिए ।
14. कैपलर का द्वितीय नियम लिखिए यह किस भौतिक राशि के संरक्षण पर आधारित है?
15. किसी ग्रह के निकट किसी पिंड की कक्षीय चाल 8.4 किमी/सेकण्ड है इसकी पलायन चाल ज्ञात कीजिए।
16. किसी ग्रह अथवा उपग्रह पर वायुमंडल होने के लिए क्या परिस्थिति आवश्यक है ?
17. द्रव्यमान एवं भार में अंतर लिखिए।
18. जड़त्वीय द्रव्यमान एवं गुरुत्वीय द्रव्यमान में अंतर समझाइए।
19. किसी उपग्रह की बंधन ऊर्जा किसे कहते हैं इसका सूत्र लिखिए।
20. गुरूत्वाकर्षण का सार्वत्रिक नियम लिखिये।
21. ग्रहो की गति संबंधी कक्षा का नियम लिखिये।
22. ग्रहो की गति संबंधी आवर्तकाल का नियम लिखिये।
23. भारहीनता किसे कहते हैं?
24. गुरूत्वीय विभव किसे कहते हैं?
25. मान लीजिए एक ऐसा ग्रह है जो सूर्य के परितः पृथ्वी की तुलना में दो गुनी चाल से गति करता है, तब पृथ्वी की कक्षा की तुलना में इसका कक्षीय आमाप क्या होगी?

26- कृत्रिम उपग्रह में भारहीनता होती है चंद्रमा भी पृथ्वी का एक उपग्रह है लेकिन चंद्रमा पर भारहीनता नहीं है।क्यों?

27- पृथ्वी पर विषवत् रेखा से ध्रुवों की ओर जाने पर गुरुत्वीय त्वरण के मान में किस प्रकार परिवर्तन होता है?

28- 100 किग्रा एवं 200 किग्रा द्रव्यमान के दो पिंडों के बीच गुरुत्वाकर्षण बल F है । यदि पहले पिण्ड का आधा द्रव्यमान दूसरे पिण्ड में स्थानांतरित कर दिया जाए तो उतनी ही दूरी पर इन पिण्डों के बीच गुरुत्वाकर्षण बल कितना होगा ?

29- आइंस्टीन के सापेक्षता के सिद्धांत के आधार पर समझाइए कि किसी पिंड का वेग प्रकाश के वेग के बराबर किया जा सकता है अथवा नहीं ?

30- पलायन वेग एवं कक्षीय वेग में संबंध लिखिए।

docs.aglasem.com

aglasem.com

31- पृथ्वी की सतह पर गुरुत्वीय त्वरण 9.8 मी./सेकण्ड^2 है सतह से कितनी ऊंचाई पर गुरुत्वीय त्वरण का मान 4.9 मी./सेकण्ड^2 रह जाएगा ?

32- गुरुत्वीय क्षेत्र की तीव्रता एवं गुरुत्वीय विभव में संबंध लिखिए।

33- ग्रहों की गति संबंधी कैपलर के नियम लिखिए ।

34- यदि पृथ्वी अपनी वर्तमान चाल की दुगनी चाल से घूर्णन करने लगे तो दिन-रात की अवधि कितनी रह जाएगी?

35- दो उपग्रहों की उनके ग्रह से दूरियों का अनुपात 1:4 है उनके परिक्रमण कालों का अनुपात ज्ञात कीजिए ।

36- संचार उपग्रह क्या हैं ? इनके उपयोग लिखिए।

37- किसी ग्रह का व्यास एवं द्रव्यमान पृथ्वी की संगत राशियों का 3 गुना है। इस ग्रह का गुरुत्वीय त्वरण पृथ्वी के गुरुत्वीय त्वरण का कितना गुना होगा?

-----००-----

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय–9
ठोसों के यांत्रिक गुण

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

(i) यंग गुणांक केवल ....पदार्थो में सभंव है।

(ii) अपरूपण गुणांक केवल ....पदार्थो में सभंव है।

(iii) आयतन प्रत्यास्थता गुणांक के व्युत्क्रम को .... कहते है।

(iv) स्टील रबर की तुलना में .... प्रत्यास्थ होता है।

(v) एकांक क्षेत्रफल पर कार्य करने वाले प्रत्यानयन बल को ....कहते हैं।

(vi) यदि चरम सामर्थ्य बिन्दु और विभाजन बिन्दु पास–पास हो तो द्रव्य को .... कहते हैं।

(vii) यदि चरम सामर्थ्य बिन्दु और विभाजन बिन्दु अधिक दूरी पर हो तो द्रव्य को .... कहते हैं।

(viii) प्रतिबल एक ....राशि है।(सदिश/अदिश)

(ix) किसी प्रत्यस्थ तार को खिचने में किया गया कार्य व एकांक आयतन की

स्थितिज उर्जा $= \frac{1}{2}$ x यंग मापांक x .... x तार का आयतन

सही विकल्प चुनिये –

(i) विमाहीन (मात्रकविहीन) राशि है –

(अ) प्रतिबल (ब) विकृति (स) द्रढता गुणांक (द) कोई नहीं

(ii) आयतन विकृति संभव है –

(अ) ठोस (ब) द्रव (स) गैस (द) ठोस, द्रव व गैस

(iii) पायसन अनुपात का व्यवहार में मान संभव है –

(अ) 0.4 (ब) -5 (स) 0.5 से अधिक (द) शुन्य

(iv) हुक का नियम परिभाषित करता है –

(अ) प्रतिबल (ब) विकृति (स) प्रत्यस्थता गुणांक (द) प्रत्यस्थता

(v) एक ही पदार्थ से बने दो तारो से जिनकी लंबाईया समान है परन्तु त्रिज्याएँ 1:2 के अनुपात मे है। समान भार लटकाने पर इनकी लंबाइयो में वृद्धि का अनुपात होगा –

(अ) $4:1$ (ब) $1:4$ (स) $1:2$ (द) $2:1$

(vi) महाधमनी खंड जैसे पदार्थ जिन्हे तनित कर अत्याधिक विकृति पैदा की जा सकती है। इन्हे कहते है –

(अ) प्रत्यास्थलक (ब) पूर्णः प्रत्यास्थ (स) प्रत्यास्थ (द) भंगुर

(vii) साधारण द्रव्यों मे अपरूपण गुणांक का मान यंग गुणांक से होता है –

(अ) कम (ब) अधिक (स) बहुत अधिक (द) बराबर

(viii) प्रत्यास्थता की श्रांति (थकान) किसके लिए न्यूनतम है –

(अ) कॉच (ब) क्गटेज (स) रबर (द) गीली मिट्टी

(ix) निम्नलिखित में सर्वाधिक प्रत्यास्थ पदार्थ है–

(a) तांबा (b) इस्पात (c) रबर (d) प्लास्टिक

एक वाक्य में उत्तर दीजिये.

1. वे पदार्थ जिन्हें तनित करके अत्यधिक विकृति पैदा की जा सकती है, क्या कहलाते हैं?
2. प्रतिबल का मात्रक लिखिये।
3. चट्टानो के प्रत्यास्थ गुणों के आधार पर पृथ्वी पर किसी पर्वत की अधिकतम ऊँचाई लगभग कितनी हो सकती है?
4. तनन प्रतिबल किसे कहते है।
5. संपीडन प्रतिबल किसे कहते है?
6. आयतन विकृति किसे कहते है?

docs.aglasem.com

aglasem.com

7. अपरूपण विकृति किसे कहते है?
8. प्रत्यास्थता की सीमा किसे कहते है?
9. तार के यंग गुणांक का सूत्र लिखीये।
10. $y = \frac{MgL}{\pi\pi_{rl}}$ की विमीय विधी द्वारा सत्यता की जॉच कि जा सकती है। कारण दिजीए।
11. तॉंबा, पीतल, एल्यूमिनीयम व इस्पात से कौन सबसे अधिक प्रत्यास्थ है।
12. प्रत्यानयन बल व बाह्य विरूपक बल के मान समान कब होंगे।

लघुउत्तरीय प्रश्न :– (3 अंक वाले)

1. प्रत्यास्थता के उत्तर प्रभाव को परिभाषित किजीए।
2. क्रेन मे चैन (जंजीर) को बदल–बदल क्यो उपयोग किया जाता है।
3. संवेदी उपकरणों जैसे घडी व धारामापी मे क्वार्टज या फास्फर ब्रांज का उपयोग क्यो करते है।
4. प्रत्यास्थ व सुघट्य पदार्थो में दो अंतर लिखिये।
5. किसी तार में अनुदैर्घ्य विकृति की गणना किजीए।
6. जल व वायु मे से कौन अधिक प्रत्यास्थ है और क्यों?
7. एक तार की लंबाई काटकार आधी कर दी जाती है तो दिए गए भार के अन्तर्गत लंबाई में वृद्धि पर क्या प्रभाव रहेगा?
8. विद्युत पोल खोखले क्यो बनाए जाते है?
9. पायसन निष्पत्ति किसे कहते है?
10. हुक का नियम लिखिये ।
11. पास्कल का नियम लिखिये।
12. प्रत्यास्थता गुणांक किसे कहते हैं ?
13. किसी तार के यंग गुणांक का सूत्र ज्ञात कीजियें।
14. आयतन गुणांक का व्यजक ज्ञात कीजिये।
15. अपरूपण विकृति को समझाइये।
16. किसी प्रत्यास्थ तार की एकांक आयतन की स्थितिज उर्जा ज्ञात कीजिये।
17. रबर व स्टील में कौन अधिक प्रत्यास्थ है गणितीय सूत्र द्वारा सिद्ध किजीए।
18. सोने के एक तार का खीचने पर उसकी लंबाई में 1% की वृद्धि होती है। यदि सोने का यंग मापांक 8×10^{11} $N/_{m^2}$ हो तो प्रतिबल की गणना कीजिए।
19. एक तार को जिसकी लंबाई 100 से.मी. तथा त्रिज्या 0.05 से.मी. है 10 किग्रा के भार से खीचा जाता है। यदि तार के पदार्थ का यंग मापांक 8×10^{11} $N/_{m^2}$ हो तो तार की लंबाई में वृद्धि ज्ञात कीजियें।

........................00000......................

docs.aglasem.com

aglasem.com

अध्याय–10

तरलों के यांत्रिक गुण,

1. संतुलित द्रव के प्रत्येक बिन्दु पर दाब समान होता है। (यदि गुरूत्वा की अपेक्षा की जाये)
2. द्रव चालित लिफ्ट पास्कल के नियम पर आधारित होती है।
3. वायुमण्डलीय दाव $= 1.013 \times 10^5$ पास्कल = 76 सेमी पारे की ऊँचाई का दाब
4. वायुमण्डलीय दाब के अन्य मात्रक
   1 बार = 10^5 पास्कल, 1 टौर = 133 पास्कल
5. श्यानता द्रव व गैसो का गुण है।
6. द्रवो में श्यानता संसजक बल के कारण होती है।
7. गैसो में श्यानता विसरण के कारण होती है।
8. आदर्श द्रव की श्यानता शुन्य होती है। और वह अंसपीड्य होता है।
9. श्यानता गुणांक का S.I मात्रक – प्वाइज है।
10. पृष्ठ तनाव संसजक बल के कारण होता है।
11. पृष्ठतनाव का यात्रक $\mathrm{T} =$ न्यूटन/मीटर है।
12. स्टोक्स के अनुसार श्यान बल $\mathrm{F} = 6\pi\tau r\vartheta$
13. केशिकीय उन्नयन विधि द्वारा पृष्ठ तनाव $\mathrm{T} = \frac{\mathrm{rhdg}}{2}$
14. द्रव के पृष्ठ के एकांक क्षेत्रफल की पृष्ठीय ऊर्जा पृष्ठ तनाव के बराबर होती है।

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये –

1. हाइड्रोलिक मशीन ....के सिद्वांत पर कार्य करती है।
2. चक्रण करती गतिशील गेंद पर कार्यरत गतिक उत्थापक को .... प्रभाव कहते हैं।
3. पानी और कांच के लिये सम्पर्क कोण ....होता है।
4. ताप बढ़ने पर गैसों की श्यानता ....जाती है।
5. ताप बढ़ने पर द्रवों की श्यानता.................................... जाती है।
6. वायुमण्डलीय दाब मापन सम्बधी प्रयोग................ वैज्ञानिक ने किया था।
7. द्रव की स्वतंत्र सतह से गहराई में जाने पर दाब.................. है।
8. बरनौली प्रमेय............ सिद्धान्त पर आधारित है।
9. ताप बढ़ाने पर पृष्ठीय ऊर्जा............... है।
10. केशिकीय उन्नयन का कारण.................. है।
11. वर्षा की बूंदे.............. के कारण गोलाकार होती है।
12. द्रव चालित ब्रेक.............. सिद्धान्त पर आधारित है।

सही विकल्प चुनिये –

(i) प्रामाणिक वायुमण्डलीय दाब है लगभग
   (अ) 76 मीटर पारे के स्तंभ की ऊँचाई (ब) 1 पास्कल
   (स) 1 मिमी पारे का स्तंभ (द) 10^5 पास्कल

(ii) श्यानता गुण है।
   (अ) ठोस का (ब) द्रव का (स) गैस का (द) द्रव व गैस का

(iii) निम्नलिखीत में से दाब का मात्रक नहीं है।
   (अ) टौर (ब) पासक्ल (स) बार (द) न्यूटन प्रति मीटर

(iv) आदर्श तरल की श्यानता होती है।
   (अ) शुन्य (ब) अनन्त (स) एक (द) एक से कम

docs.aglasem.com

aglasem.com

